Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding stoppage of Express trains at Haidergarh Railway Station.

श्री उपेन्द्र सिंह रावत (बाराबंकी): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय जो आपने मुझे बोलने का मौका दिया । आपके माध्यम से मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी में स्थित हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव से संबंधित विषय की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं । हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन बहुत पुराना रेलवे स्टेशन है और हैदरगढ़ टाउन एरिया भी काफी बड़ा है, परिणामस्वरूप प्रत्येक दिन वहां से सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है ।

मान्यवर, एक्सप्रेस ट्रेनें वहां पर नहीं रुकती हैं, इसलिए लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए लखनऊ जाना पड़ता है, जो कि वहां से 60 किलोमीटर दूर है । इस वजह से लोगों को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है । वहां के लोगों ने पिछले कई वर्षों से सरकार से मांग की है, लेकिन रेल मंत्रालय के द्वारा उस पर अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है । मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि वहां से गुजरने वाली तमाम ट्रेनें जैसे सद्भावना एक्सप्रेस, हिमगिरी एक्सप्रेस, बेगमपुर एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, अकाल तख्त एक्सप्रेस, उपासना एक्सप्रेस, उस स्टेशन से गुजरती हैं । इसके बावजूद भी इन ट्रेनों का वहां पर ठहराव न होने की वजह से लोगों को 60 किलोमीटर दूर जाकर ट्रेनों को पकड़ना पड़ता है । मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं कि वहां पर ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराया जाए, ताकि उस क्षेत्र के क्षेत्रवासियों को उसका लाभ मिल सके ।

माननीय अध्यक्ष : अगर आप अपनी सीट से बोलेंगे, तो आपका नाम स्क्रीन पर आएगा ।

श्री हेमन्त पाटिल – उपस्थित नहीं ।